सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 109 | इंदौर, सोमवार 03 नवंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## आपका स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता

**डिस्पोजल कप एवं ग्लास के उपयोग संदर्भ में स्वास्थ्य अधिकारि भोपाल प्रेस विज्ञप्ति..!**

**प्रिय नागरिकों, कागज़ के कपों का बहिष्कार करें, स्वास्थ्य और पर्यावरण को बचाएं**

हाल के अध्ययनों से पता चला है कि जिस कागज़ के कप में आप गर्म चाय या कॉफी पीते हैं, वह आपके स्वास्थ्य के लिए एक 'चिकनाई युक्त जहर' है। इन कपों की प्लास्टिक परत गर्म होने पर पिघलकर हानिकारक रसायन छोड़ती है, जो भविष्य में कैंसर और हार्मोन संबंधी बीमारियों का कारण बन सकता है।

### हमारी अपील :-

घर से अपना कप लाएं अपनी सुरक्षा के लिए हमेशा कांच, चीनी मिट्टी या स्टील का दोबारा इस्तेमाल होने वाला कप साथ रखें।

विक्रेताओं से आग्रह कृपया प्लास्टिक लाइन वाले कपों के बजाय पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों का उपयोग करें।

**जागरूक बनें** :- अपने स्वास्थ्य की रक्षा के लिए इस छोटी सी आदत में बदलाव करें। यह बदलाव आपके लिए फायदेमंद है और हमारे पर्यावरण के लिए भी।

आपका स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता है।

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**उपसंचालक बार विं श्रपधि प्रशासन**

## वर्ल्ड चैम्पियन भारतीय टीम पर धनवर्षा, बीसीसीआई ने किया 51 करोड़ देने का ऐलान

**नवी मुंबई, (एजेंसी)** भारत की महिला क्रिकेट टीम ने इतिहास रचते हुए वनडे वर्ल्ड कप 2025 अपने नाम किया. 2 नवंबर (रविवार) को नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स एकेडमी में हुए खिताबी मुकाबले में भारत ने साउथ अफ्रीका को 52 रनों से परास्त किया. भारतीय महिला टीम ने पहली बार विश्व कप खिताबी जीता है. वहीं साउथ अफ्रीकी टीम का खिताब जीतने का सपना चकनाचूर हो गया.भारतीय टीम की जीत के बाद इनामों की बारिश हो रही है. भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (BCCI) ने खिलाड़ियों और टीम के सपोर्ट स्टाफ के लिए बड़ा ऐलान किया है. बीसीसीआई भारतीय टीम को प्राइज मनी के तौर पर 51 करोड़ रुपये देगा.

**मुंबई में बंगला, दिल्ली-नोएडा में कई प्रॉपर्टी...**

# अनिल अंबानी ग्रुप की 3084 करोड़ की संपत्तियां कुर्क

**नई दिल्ली, (एजेंसी) प्रवर्तन निदेशालय ने अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप पर बड़ा एक्शन लिया है. इसके तहत समूह की तमाम संस्थाओं से जुड़ी करीब 3,084 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियां कुर्क की गई हैं. कुर्की के ये आदेश बीते 31 अक्टूबर 2025 को धन शोधन निवारण अधिनियम (PMLA) की धारा 5(1) के तहत जारी किए गए थे. जिन संपत्तियों को कुर्क किया गया है, उनमें मुंबई के बांद्रा वेस्ट, पाली हिल में स्थित उनका आवास भी शामिल है.**

### दिल्ली, मुंबई से नोएडा तक कार्रवाई

प्रवर्तन निदेशालय द्वारा की गई कार्रवाई के दौरान अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप से संबंधित जिन संपत्तियों को कुर्क किया गया



है. उनमें मुंबई के पाली हिल स्थित आवास, नई दिल्ली स्थित रिलायंस सेंटर की संपत्ति और दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, मुंबई, पुणे, ठाणे, हैदराबाद, चेन्नई (कांचीपुरम समेत) और पूर्वी गोदावरी में स्थित कई अन्य इन संपत्तियों में कार्यालय परिसर, आवासीय इकाइयां और प्लॉट शामिल हैं. पीएमएलए के तहत जारी चार आदेशों के तहत इन सभी संपत्तियों की कुर्की की गई है. गौरतलब है कि मुंबई के बांद्रा वेस्ट के पाली हिल में स्थित अनिल अंबानी का आवास खासा लोकप्रिय है.

### 40 से ज्यादा संपत्तिया जब्त

रिलायंस अनिल अंबानी ग्रुप पर ये बड़ी कार्रवाई करते हुए, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (RHFL) और रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड (RCFL) द्वारा जुटाए गए सार्वजनिक धन के कथित दुरुपयोग से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में 40 से ज्यादा संपत्तियां अस्थायी रूप से जब्त कर ली हैं. यह मामला उन आरोपों से जुड़ा है जिनमें कहा गया कि आरएचएफएल और आरसीएफएल के माध्यम से जुटाए गए सार्वजनिक धन को अनिल अंबानी समूह से जुड़ी संस्थाओं से जुड़े लेन-देन के दौरान डायवर्ट और लॉन्ड्रिंग किया गया था.

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव बिजली बिल बकायादारों के लिए समाधान योजना का करेंगे शुभारंभ



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ऊर्जा विभाग द्वारा लागू की जा रही समाधान योजना 2025-26 का शुभारंभ सोमवार को सुबह 10 बजे एमपी पॉवर मैनेजमेंट कम्पनी क्षेत्रीय कार्यालय ई-4, अरेरा कॉलोनी भोपाल से करेंगे। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि विलंबित बिल के भुगतान पर सरचार्ज में भारी छूट दी गयी है, जो 3 नवम्बर से 28 फरवरी, 2026 तक रहेगी। पहला चरण 3 नवम्बर से 31 दिसम्बर, जिसमें 60 प्रतिशत से 100 प्रतिशत सरचार्ज माफ रहेगा। दूसरा चरण एक जनवरी से 28 फरवरी, 2026 तक होगा, जिसमें 50 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक सरचार्ज माफ रहेगा। भुगतान विकल्प में एकमुश्त भुगतान पर अधिकतम छूट और 6 किश्तों में भुगतान की आसान सुविधा रहेगी। कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मंडलोई, एमपी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक अविनाश लवानिया, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल सहित कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

**बदमाशों-ड्रग माफिया पर 'आसमान' से पुलिस की सीधी नजर**

# इंदौर में 32 थाना क्षेत्र में '64 ड्रग शिकायत पेटी'!

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नायक फिल्म की तरह इंदौर में 'ड्रग शिकायत पेटी'! बदमाशों-ड्रग माफिया पर 'आसमान' से पुलिस की सीधी नजर...इंदौर में ड्रग्स और नशे के खिलाफ पुलिस ने नई रणनीति तैयार की है। इसके तहत पुलिस ने 32 थाना क्षेत्रों में कुल 64 ड्रग्स शिकायत निवारण पेटियां लगाई हैं। इन पेटियों को ऐसी जगहों पर लगाया गया है, जहां कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा है, ताकि शिकायत दर्ज कराने वाले की पहचान पूरी तरह गुप्त रहे।**

पुलिस के अनुसार, इन पेटियों से अब तक मिली कुछ शिकायतें सही पाई गई हैं, जिन पर कार्रवाई भी की जा चुकी है। शहर में रोजाना पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीमें नशे के कारोबार पर कार्रवाई कर रही हैं। इसी अभियान को और मजबूत करने के लिए हर थाना क्षेत्र में दो-दो ड्रग्स शिकायत पेटियां लगाई गई हैं। इन




पेटियों को ऐसे इलाकों में लगाया गया है, जिन्हें नशे के हॉटस्पॉट के रूप में चिह्नित किया गया था।इनका उद्देश्य यह है कि लोग बिना डर के गुमनाम रूप से नशे से जुड़ी जानकारी पुलिस तक पहुंचा सकें। एयरपोर्ट, बाजार, हॉटस्पॉट इलाकों और थाना सीमाओं में ये पेटियां सीसीटीवी कैमरे की पहुंच से दूर लगाई गई हैं, ताकि शिकायतकर्ता की पहचान किसी भी स्थिति में उजागर न हो सके। एडिशनल डीसीपी (क्राइम ब्रांच) राजेश दंडोतिया ने बताया कि पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर करीब 15-20 दिन पहले शहर में इन पेटियों की स्थापना की गई थी। इन पेटियों को हर सोमवार एसीपी स्तर के अधिकारी की मौजूदगी में खोला जाएगा। इस दौरान दो स्थानीय रहवासियों को भी शामिल किया जाएगा और पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। पेटियों में प्राप्त शिकायतों की जांच के बाद, दो दिनों के भीतर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इन कार्रवाइयों की निगरानी डीसीपी स्तर पर की जाएगी, जबकि एडिशनल सीपी संपूर्ण मॉनिटरिंग करेंगे। दंडोतिया ने बताया कि अब तक लगभग एक दर्जन शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से कुछ सत्यापित हुई हैं, जबकि कुछ असत्य पाई गई हैं। एक शिकायत राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र से मिली थी, जिसमें बताया गया था कि चोइथराम सब्जी मंडी में राहुल नामक व्यक्ति गांजा सप्लाई करता है। जांच में यह जानकारी सही निकली, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी राहुल को गिरफ्तार कर गांजा जब्त किया। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि अगर किसी को अपने क्षेत्र में नशे या ड्रग्स तस्करी की जानकारी है तो वह इन शिकायत पेटियों में गुमनाम रूप से सूचना डालें। पुलिस को केवल जानकारी चाहिए, नाम नहीं। हर थाना क्षेत्र में दो पेटियां लगाई गई हैं। साथ ही, थाना प्रभारी और क्राइम ब्रांच टीमें स्थानीय रहवासियों के साथ मीटिंग कर लोगों को इस व्यवस्था की जानकारी भी दे रही हैं। परदेशीपुरा टीआई आर.डी. कानवा ने बताया कि रहवासी इलाकों में बैठकों के जरिए लोगों को पेटियों की व्यवस्था और शिकायत प्रक्रिया के बारे में बताया जा चुका है। इससे नागरिकों में भरोसा बढ़ा है और पुलिस को जमीनी स्तर पर मदद मिल रही है।

# प्रकाश गुरुपर्व के मौके पर शहर में निकला नगर कीर्तन

## दो साल के बच्चे सहित महिला-पुरुषों ने की सफाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 556वें प्रकाश गुरुपर्व पर रविवार को इंदौर में नगर कीर्तन निकला। ऐतिहासिक गुरुद्वारा इमली साहिब, गुरु नानक चौक से इसकी शुरुआत हुई। नगर कीर्तन में बड़ी संख्या में समाजजन सफेद ड्रेस में शामिल हुए। नगर कीर्तन के स्वागत के लिए रास्तों पर कई जगह मंच भी लगाए गए। इस पर नगर कीर्तन में मंचों की संख्या कम रही। रीगल तिराहे पर जब नगर कीर्तन पहुंचा इस दौरान वहां पर एक एम्बुलेंस भी आई। एम्बुलेंस को देख वहां मौजूद समाजजनों ने तत्काल एम्बुलेंस के लिए रास्ता बनाया और तुरंत एम्बुलेंस को हाईकोर्ट चौराहे की तरफ निकाला।**



नगर कीर्तन ऐतिहासिक गुरुद्वारा इमली साहिब, गुरु नानक चौक से शुरू हुआ। जो राजवाड़ा, शास्त्री ब्रिज, रीगल तिराहा, आर.एन.टी.मार्ग, पटेल ब्रिज, जवाहर मार्ग रोड से होकर वापस गुरुद्वारा इमली साहिब पर शाम तक समाप्त होगा। नगर कीर्तन में बड़ी संख्या में समाजजन नजर आए। नगर कीर्तन पारंपरिक सिक्खी शान-शौकत के साथ निकला। इसमें राऊ, बेटमा साहिब और शहर के सभी गुरुद्वारों के शब्दी जत्थे भी शामिल हुए। शहर के सिक्ख समाज की सभी धार्मिक, शैक्षणिक और सामाजिक संस्थाओं ने भी भाग लिया। नगर कीर्तन के अनुशासन और यातायात की व्यवस्था के लिए श्री गुरु सिंघ सभा की ओर से वालंटियर्स की भी विशेष व्यवस्था की गई। नगर कीर्तन में पुरुष सफेद ड्रेस और बसंती पगड़ी और महिलाएं सफेद ड्रेस और बसंती दुपट्टे में शामिल हुईं। नगर कीर्तन का कई जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

नगर कीर्तन में कई महिलाएं-पुरुष हाथों में झाड़ू लेकर सबसे आगे की तरफ रोड की सफाई करते नजर आए। ये सभी नंगे पैर इसमें शामिल थे और रोड की सफाई करते हुए आगे चल रहे थे। इन्हीं में दो साल का एक बालक भी हाथों में झाड़ू लिए रोड की सफाई करता नजर आया। उनके पिता चेतन सिंह ने बताया कि बेटे का नाम सुखवीर है वह दो साल का है। वह शुरू से ही गुरु से जुड़े हैं। सुखवीर भी सफेद ड्रेस में सिर पर बसंती पगड़ी लगाकर हाथों में झाड़ू लिए रोड की सफाई करते हुए चल रहा था। इस दौरान उसके पिता उसे गाइड भी कर रहे थे। नगर कीर्तन के दौरान रीगल तिराहे पर एमजी रोड की तरफ से एक एम्बुलेंस आई। रीगल तिराहे पर एम्बुलेंस की आवाज सुन समाज के कुछ युवा तुरंत हरकत में आए और उन्होंने एम्बुलेंस को निकालने के लिए रास्ता बनाया। उन्होंने नगर कीर्तन में शामिल लोगों को एक तरफ रोक दिया जिससे एम्बुलेंस को रास्ता मिल गया और एम्बुलेंस को हाईकोर्ट चौराहे की तरफ रवाना किया। इस दौरान वहां कई पुलिस जवान भी मौजूद थे।

# शास्त्री ब्रिज पर हुआ 5 फीट गहरा गड्ढा

### अचानक किनारे से धंस गई 6 फीट लंबी रोड



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** पुराने और व्यस्त शास्त्री ब्रिज पर रविवार को रोड किनारे का कुछ हिस्सा अचानक धंस गया। जिससे यहां एक गड्ढा हो गया। गांधी प्रतिमा से शास्त्री मार्केट की ओर जाने वाली लेन में 5 फीट गहरा और करीब 6 फीट लंबा गड्ढा हो गया था। जानकारी मिलने पर पुलिस ने तत्काल यहां पर बेरिकेड लगाकर ट्रैफिक को डायवर्ड कर दिया। इस घटना के बाद पुलिस ने बैरिकेड लगाकर रास्ते को थोड़ा डायवर्ड कर दिया था। जब इसकी जानकारी नगर निगम के अधिकारियों को मिली तो उन्होंने तुरंत टीम को मौके पर भेजा और मटेरियल से गड्ढे को भरवाया। वक्त रहते निगम की टीम ने गड्ढा भरने की कार्रवाई की नहीं तो कोई हादसा हो जाता। बता दें, शास्त्री ब्रिज इंदौर का सबसे व्यस्तम ब्रिज है। यहां से रोजाना बड़ी संख्या में गाड़ियां गुजरती है। रविवार होने की वजह से यहां पर भीड़ कम थी।

# कलेक्टर शिवम वर्मा ने किया फ्लायओवर निर्माण कार्यों का निरीक्षण

### निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने एवं वायु गुणवत्ता सुधार के निर्देश

● सर्विस रोड पर डामरीकरण से हुआ यातायात सुगम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने इंदौर में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा निर्मित किए जा रहे दो फ्लायओवरों के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने एमआर-10 स्थित बेस्ट प्राइज के सामने और अर्जुन बड़ोद क्षेत्र में निर्माणाधीन फ्लायओवर के कार्यों का जायजा लिया।



निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर श्री रोशन राय सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और उन्हें निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बताया गया कि वायु गुणवत्ता में सुधार हेतु दो मिस्ट टावर लगाए जा रहे हैं। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने कहा कि आवश्यकता के अनुसार और भी मिस्ट टावर स्थापित किए जाएंगे, जिससे वायु गुणवत्ता बेहतर बनी रहे और प्रदूषण नियंत्रित हो सके। बताया गया कि दोनों निर्माणाधीन फ्लायओवरों की सर्विस रोड पर डामरीकरण का कार्य पूरा हो गया है, जिससे यातायात अब और अधिक सुलभ हो गया है। कलेक्टर श्री वर्मा ने अर्जुन बड़ोद क्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश भी दिए और निर्माण कार्यों के दौरान सुरक्षा मानकों के पालन पर विशेष बल दिया।

# मंदिर जा रही महिला का मंगलसूत्र लूटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। अन्नपूर्णा इलाके में शनिवार रात दो बदमाशों ने एक महिला से मंगलसूत्र लूट लिया। महिला के शोर मचाने पर मोहल्ले वाले मदद के लिए दौड़े तो लुटेरे भागने लगे। इस दौरान एक युवक ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन बदमाशों ने उसे धक्का देकर गिरा दिया। हालांकि युवक ने बदमाशों की बाइक का नंबर नोट कर लिया, जिसके आधार पर पुलिस अब आरोपियों की तलाश कर रही है।**

अन्नपूर्णा थाना पुलिस के मुताबिक, घटना आनंदम गर्ल्स हॉस्टल के पास की है। शनिवार रात करीब 8 बजे राधा गेहलोत पैदल ही शिव मंदिर में दीपक लगाने जा रही थीं। तभी काले रंग की बाइक पर सवार दो युवक वहां से गुजरे और पलटकर लौट आए। पीछे बैठे बदमाश ने राधा के गले से मंगलसूत्र झपट लिया और भाग निकला। राधा के चिल्लाने पर आसपास के लोग बाहर आ गए। इसी दौरान राहुल नाम के युवक ने लुटेरों को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने उसे धक्का देकर गिरा दिया। फिर भी राहुल ने बाइक का नंबर (MP09 NW 6634) देख लिया और पुलिस को सूचना दी। फिलहाल पुलिस बाइक नंबर के आधार पर बदमाशों की तलाश में जुटी है।

# पटाखे फोड़ने पर दो परिवारों में विवाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एरोड्रम इलाके की एक कॉलोनी में दो परिवारों में जमकर मारपीट हुई। यहां पटाखे फोड़ने की बात पर एमपीईबी के रिटायर्ड कर्मचारी ने महिलाओं और बच्चों को डंडे से पीटा। आरोपी ने थाने में भी महिलाओं के बाल पकड़कर उनकी पिटाई कर दी। हंगामे के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों पर एफआईआर की है।**

एरोड्रम इलाके के अशोक नगर में जमकर शनिवार रात विवाद हुआ। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। यहां एरोड्रम पुलिस ने जितेन्द्र राठौर की शिकायत पर रमेश चंद्र भावसार, बबन भावसार, रश्मि भावसार, कृतिका और निधि के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कराया है। वहीं दूसरे पक्ष की शिकायत पर भी एफआईआर की है। जितेन्द्र ने पुलिस को बताया कि उसके घर के बच्चे पटाखे फोड़ रहे थे। घर में भजन संध्या भी चल रही थी। इससे सामने रहने वाले रमेश चंद्र भावसार ने आपत्ति लेते हुए बच्चों पर पत्थर फेंके। एक बच्चे को लगी तो उसने घर में बताया। इस पर परिजन रमेश चंद्र को समझाने बाहर आए तो वह उनके साथ अपशब्दों कहने लगा, विवाद करने लगा। बहस के दौरान आरोपी रमेश और उसके घरवालों ने जितेन्द्र के घरवालों पर फर्शियां फेंकना शुरू कर दी। उसी दौरान रमेश अंदर से सब्बल निकाल लाया। वहीं जितेन्द्र के परिवार की महिला पर हमला कर दिया। दोनों पक्ष के बीच काफी देर तक कॉलोनी में विवाद होता रहा। जितेन्द्र और उसके परिजन जब रिपोर्ट लिखवाने थाने पहुंचे तो वहां रमेशचंद्र आ गया जिसने जितेन्द्र के घर की एक महिला के साथ पुलिस वालों के समाने पिटाई कर दी। उसे जमीन पर घसीटते हुए पीटा। पुलिस वालों ने आरोपी रमेशचन्द्र को समझा कर अलग किया, लेकिन मामले का वीडियो सामने आया है। जानकारी के मुताबिक आरोपी रमेशचंद्र भावसार रिटायर्ड एमपीईबी कर्मचारी है। उसका भाई पुलिस में है जिसके चलते वह थाने में भी उसी की धौंस दे कर विवाद कर रहा था। जितेन्द्र के साथ अन्य रहवासी भी यहां पहुंचे थे। उनका कहना था कि कॉलोनी के कई लोगों को भाई के नाम से डराता धमकाता है। एरोड्रम थाने के खुफिया जवान भी रमेश के यहां आते जाते हैं। इसके चलते कॉलोनी के लोगों की पुलिस सुनवाई नहीं करती।

# नाबालिग की हत्या के बाद तोड़फोड़

### युवकों ने राहगीरों पर पथराव किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** देवउठनी ग्यारस की आधी रात एक नाबालिग की हत्या कर दी गई। इसके बाद नाबालिग के साथियों ने जमकर उत्पात मचाया। कुछ गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए। राहगीरों पर भी पथराव किया। बाइक से जा रहे एक डिलीवरी बॉय के हेलमेट पर तीन-चार पत्थर लगे। उसके हाथ पर चोट आई है। घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से बदमाशों की पहचान हुई है। पुलिस ने तीन संदेहियों को हिरासत में लिया है। वारदात एमआर-9 मदर हुड हॉस्पिटल संजय नगर के पास हुई। अमन रात करीब 10:30 बजे गुटखा पाउच लेने गया था। इसी दौरान आरोपियों ने हमला कर दिया। पहले तो हाथापाई हुई और फिर दोनों ग्रुप्स ने हथियार निकाल लिए। हमलावरों ने अमन पर चाकू से कई वार किए। घायल अमन को गंभीर हालत फौरन अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त अमन पिता घनश्याम कुशवाह (17) निवासी सेठी नगर के रूप में हुई। घटना से गुस्साए 25 से ज्यादा युवक गाड़ियों से घटनास्थल पहुंचे। उन्होंने संजय गांधी नगर, नादिया नगर और एलआईजी कॉलोनी के कुछ हिस्सों में जमकर पथराव कर दिया। लोग घरों से बाहर निकले तो हमलावरों ने उन पर पथराव कर दिया।

# जिले में अग्नि सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन सतर्क, 10 प्रतिष्ठान सील

## अग्नि सुरक्षा मानकों में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

- संस्थानों में अग्नि सुरक्षा के सभी प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने की अपील



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। हाल ही में इंदौर जिले में हुई अग्नि दुर्घटना को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए प्रशासन पूर्ण रूप से सजग और सतर्क है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में जिले में अग्नि सुरक्षा के मानकों की समीक्षा के लिए विशेष जांच अभियान प्रारंभ किया गया है। अभियान के अंतर्गत जिले के सभी एसडीएम द्वारा विभिन्न औद्योगिक, व्यावसायिक और भंडारण प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर अग्नि सुरक्षा उपकरणों की अनुपलब्धता, अग्निशमन की तैयारी में कमी तथा अन्य अनियमितताएं पाई गईं। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 10 कारखानों, गोदामों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को सील किया गया है।**

आज राऊ क्षेत्र में एसडीएम श्री गोपाल वर्मा के दल द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। फायर सेफ्टी से संबंधित मानक का उल्लंघन होने के अलावा अन्य अनियमितता पाए जाने पर कॉटन सीड ऑयल का उत्पादन करने वाली चार फैक्ट्रियों को सील किया गया। दल द्वारा राऊ क्षेत्र की हनुमान ऑयल मिल, श्याम ऑयल मिल, जय श्री नेचुरल प्राइवेट लिमिटेड और घीया ऑयल प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड को मौके पर जाँच उपरांत सील किया गया। दल द्वारा ग्राम तेजपुर गड़बड़ी चोईथराम स्कूल के पीछे अवैध रूप से भण्डारित एसिड पर कार्यवाही करते हुए लगभग 45000 लीटर एसिड जप्ती की कार्यवाही की गई। साथ ही ग्राम पिगडम्बर में अवैध रूप से संचालित एक प्लास्टिक फैक्ट्री को सील करने की कार्यवाही व निर्धारित मानकों के अनुसार संचालन नहीं होने से तीन आईल फैक्ट्री को सील किया गया है।

इसी तरह जूनी इंदौर, सांवेर, मल्हारगंज, महू, बिचौली तहसील क्षेत्र में भी एक-एक प्रतिष्ठानों को सील किया गया। जूनी इंदौर क्षेत्र में एसडीएम श्री प्रदीप सोनी के दल द्वारा पालदा स्थित एस एम पेंट्स में अग्नि सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने पर इकाई को सील किया गया। इसी प्रकार सांवेर क्षेत्र में एसडीएम श्री घनश्याम धनगर की टीम द्वारा फायर सुरक्षा उपकरण न होने से डकाच्या क्षिप्रा स्थित अपोलो टायर में गोडाउन को सील किया गया । गोडाउन में लगभग 40 हज़ार टायर बिना सुरक्षा मानक का पालन किए रखे हुए थे।

इसी तरह मल्हारगंज क्षेत्र में शांति नगर सेक्टर ई सांवेर रोड पर फेशियल नामक साबुन और क्रीम बनाने वाली रतन ऑर्गेनिक कंपनी पर एसडीएम मल्हारगंज सुश्री निधि वर्मा और डीसी विभाग के संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया की रतन ऑर्गेनिक द्वारा अग्नि सुरक्षा मानदंडों का पालन नहीं किया जा रहा था। इसके साथ ही यहां पर ज्वलनशील केमिकल एथेनॉल पाया गया। अग्नि सुरक्षा मानदंडों का पालन नहीं किए जाने के कारण फैक्ट्री को मौके पर सील किया गया।

डॉ. अम्बेडकर नगर महू क्षेत्र में एसडीएम श्री राकेश परमार और टीम द्वारा जाँच की कार्रवाई की गई। अग्नि सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करते पाये जाने पर ग्राम पिपलिया लोहार, तहसील महु स्थित कृष्णांगी एग्रो फूड प्रायवेट लिमिटेड की इकाई को सील किया गया।

इसी प्रकार बिचौली क्षेत्र में केलौद करताल स्थित साँझ इंटरप्राइजेज द्वारा संचालित कमर्शियल एसिड तैयार करने की फैक्ट्री में अमानक स्थितियां पाई जाने पर एसडीएम श्री अजय शुक्ला, तहसीलदार श्री बलबीर राजपूत और दल द्वारा निरीक्षण कर कार्रवाई करते हुए यूनिट को सील किया गया। इस तरह आज की गई कार्रवाई में 10 कारखाने/गोडाउन सील किये गए।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अग्नि सुरक्षा मानकों में लापरवाही को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कलेक्टर श्री वर्मा ने सभी उद्योगपतियों और व्यापारिक प्रतिष्ठान संचालकों से आग्रह किया है कि वे अपने संस्थानों में अग्नि सुरक्षा उपकरणों की नियमित जांच कराएं और सुरक्षा के सभी प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करें।

# शादी में 'ठांय-ठांय' करना भाजपा नेता को पड़ा महंगा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। खजराना इलाके में एक शादी समारोह के दौरान बीजेपी नेता द्वारा हर्ष फायर करने का मामला सामने आया है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, जिसके बाद पुलिस ने संज्ञान लेते हुए आरोपी नेता के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।**

खजराना पुलिस के अनुसार, आरक्षक प्रदीप सूर्यवंशी की शिकायत पर सूरज नगर निवासी पृथ्वी सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। आरक्षक को ड्यूटी के दौरान शनिवार को एक वायरल वीडियो मिला था, जिसे उन्होंने वरिष्ठ अफसरों को दिखाया। वीडियो में स्पष्ट दिख रहा था कि एक बारात निकाले जाने के दौरान एक व्यक्ति हवा में फायर कर रहा है। पुलिस ने जब वायरल वीडियो की जांच की, तो पता चला कि हर्ष फायर करने वाला व्यक्ति पृथ्वी सिंह है। जानकारी के मुताबिक, पृथ्वी सिंह बीजेपी से जुड़ा है और उसे 5 नंबर विधानसभा के विधायक का करीबी बताया जाता है। वह संगठन के साथ-साथ करणी सेना से भी जुड़ा हुआ है। इस मामले में टीआई मनोज सेंधव ने बताया कि वायरल वीडियो में जो बंदूक दिख रही है, वह लाइसेंसी है। हालांकि, सार्वजनिक स्थान पर इस तरह फायर करना अपराध है। सोशल मीडिया से मिली जानकारी और वरिष्ठ अफसरों के निर्देशन पर आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# ब्रेन डेड वकील का अंगदान... पति ने पहनाया मंगलसूत्र

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर में हाईकोर्ट की वकील अभिजीता राठौर (38) के ब्रेन डेड होने के बाद रविवार को उनका अंगदान किया गया। इसके लिए शहर में 65वां ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। इस दौरान उनका लिवर और दोनों किडनियां इंदौर के तीन अस्पतालों में ट्रांसप्लांट के लिए पहुंचाई गईं।**



इस दौरान जुपिटर हॉस्पिटल का माहौल बेहद भावुक रहा। अभिजीता के पति प्रवीण राठौर ने पत्नी को अंतिम बार मंगलसूत्र पहनाकर विदाई दी। इसके बाद उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। भाई अभिजीत के अनुसार, अभिजीता को लंग्स में इन्फेक्शन के कारण 25 अक्टूबर को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान उनके ब्रेन में ब्लड क्लॉट (खून जमना) हो गया, जिसके चलते डॉक्टरों ने शनिवार को उन्हें ब्रेन डेड घोषित किया। मुस्कान ग्रुप पारमार्थिक ट्रस्ट के सेवादार जीतू बगानी और संदीपन आर्य ने बताया कि अभिजीता का लिवर सीएचएल हॉस्पिटल, एक किडनी जुपिटर हॉस्पिटल और दूसरी किडनी चोइथराम हॉस्पिटल में ट्रांसप्लांट के लिए भेजी गई। बाकी अंगों की एलोकेशन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अन्य अस्पतालों में भी ट्रांसप्लांट की प्रक्रिया की गई। अभिजीता राठौर ने इलेक्ट्रॉनिक्स और इंस्ट्रूमेंटेशन में इंजीनियरिंग की थी। इंजीनियरिंग के बाद उन्होंने गर्भवती होने के दौरान वकालत की पढ़ाई की। एलएलबी की डिग्री हासिल की। इसके बाद उन्होंने क्रिमिनोलॉजी में एलएलएम की डिग्री भी ली। अभिजीता ने भाई की मदद से जिला कोर्ट और हाईकोर्ट में वकालत शुरू की। अपनी मिलनसारिता और कानूनी ज्ञान से वकालत क्षेत्र में अलग पहचान बनाई। उनके पति प्रवीण राठौर रेलवे कॉन्ट्रेक्टर हैं। परिवार में बेटी पर्णिका (13) और बेटा अभिरत्न (5) हैं। बड़े भाई अभिजीत सिंह राठौर इंदौर में लोक अभियोजक के पद पर हैं। पिता रतन सिंह राठौर डिप्टी डायरेक्टर, लोक अभियोजन के पद पर कार्यरत रहे और अखिल भारतीय क्षत्रिय राठौर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रहे। माता गिरिबाला राठौर शिक्षाविद हैं।

# काम के तनाव में फांसी लगा ली

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र) इंदौर**। हीरानगर पुलिस के अनुसार, मेघदूत नगर निवासी 48 वर्षीय महेश पुत्र ताराचंद केसरी ने अपने घर पर फांसी लगाकर जान दे दी। महेश रानीपुरा इलाके में एक स्टेशनरी की दुकान पर काम करते थे। परिजनों ने बताया कि शनिवार रात को पूजन करने के बाद महेश सोने चले गए थे। सुबह 4 बजे जब उनकी पत्नी की नींद खुली, तो उन्होंने महेश को फंदे पर लटका पाया। इसके बाद तुरंत परिवार और पुलिस को सूचना दी गई। परिवार के लोगों का कहना है कि महेश काफी सरल स्वभाव के थे और कुछ समय से काम को लेकर तनाव में थे। आशंका है कि इसी के चलते उन्होंने यह कदम उठाया। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। महेश के परिवार में उनकी तीन बेटियां हैं, जो पढ़ाई कर रही हैं।

# 70 साल के सफर पर बदलेगा मध्यप्रदेश का नक्शा: नया संभाग और तीन जिले बनने की तैयारी, भोपाल में बढ़ेंगी तहसीलें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश अपने 70वें स्थापना दिवस पर एक नए प्रशासनिक युग में प्रवेश करने जा रहा है। प्रदेश का भौगोलिक और प्रशासनिक नक्शा जल्द ही बदल सकता है। प्रदेश में तीन नए जिले और एक नया संभाग बनाने की मांग तेज हो रही है। इस पर राज्य सरकार की तरफ से भी काम शुरू हो गया है। इस बदलाव के साथ कई जिलों की सीमाएं नए सिरे से तय होंगी और राजधानी भोपाल में पांच नई तहसीलें जोड़ी जाएंगी। सूत्रों के अनुसार, सरकार इंदौर संभाग से खंडवा, खरगोन और बुरहानपुर को अलग कर नया संभाग बनाने पर गंभीरता से विचार कर रही है। इस निर्णय से न केवल प्रशासनिक ढांचा मजबूत होगा, बल्कि निमाड़ अंचल के विकास को भी नई गति मिलेगी। वहीं, भोपाल में हर विधानसभा क्षेत्र को एक-एक तहसील का स्वरूप देने की योजना है, जिससे जिले में कुल आठ तहसीलें हो सकती है।



यह पूरी प्रक्रिया पिछले वर्ष गठित राज्य प्रशासनिक पुनर्गठन आयोग की देखरेख में हो रही है। आयोग का लक्ष्य जल्द से जल्द सीमांकन का काम पूरा करना है, क्योंकि जनगणना से पहले प्रशासनिक इकाइयों की सीमाएं तय करनी अनिवार्य हैं। आयोग अब तक दो दर्जन से अधिक जिलों में मैदानी कार्य पूरा कर चुका है और शेष जिलों में सर्वे का कार्य जारी है। आयोग ने सीमाओं को साइंटिफिक तरीके से और सटीक बनाने के लिए इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन (IIPA) से तकनीकी सहयोग लिया है। ड्रोन और सैटेलाइट सर्वे की मदद से सटीक सीमांकन तैयार किया जाएगा। बाद में नागरिकों और जनप्रतिनिधियों से प्राप्त सुझावों को मिलाकर सरकार को अंतिम रिपोर्ट सौंपी जाएगी।

### भोपाल में प्रशासनिक पुनर्गठन की झलक

वर्तमान में जिले में तीन तहसीलें हुजूर, बैरसिया और कोलार हैं। अब इनके साथ टीटी नगर, एमपी नगर, गोविंदपुरा, संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) और पुराना भोपाल को तहसील का दर्जा देने की योजना है। नई तहसीलों के गठन से आम नागरिकों को राजस्व, नामांतरण और प्रमाणपत्र संबंधी कार्यों के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।

### मध्य प्रदेश में जिलों की संख्या 55 पहुंची

प्रदेश के गठन से लेकर अब तक मध्यप्रदेश में 45 से बढ़कर 55 जिले बन चुके हैं। हालांकि छत्तीसगढ़ के अलग होने से पहले वर्ष 2000 में प्रदेश में जिलों की संख्या 61 थी। अब एक बार फिर मध्य प्रदेश इस आकड़े की तरफ बढ़ने की तैयारी में है। यह पुनर्गठन केवल प्रशासनिक सुधार नहीं, बल्कि 70 वर्षों के विकास सफर का अगला अध्याय माना जा रहा है। जहां मध्यप्रदेश अपने नए स्वरूप में एक और मजबूत कदम बढ़ाने जा रहा है।

## हजारों विद्युत संविदा कर्मियों ने भोपाल में किया प्रदर्शन

**नियमितीकरण और संविलयन की उठाई मांग**



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। यूनाइटेड फोरम के बैनर तले प्रदेश के 55 जिलों के हजारों विद्युत संविदा कर्मी रविवार को भोपाल पहुंचे और अपनी मांगों की ओर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का ध्यानाकर्षित किया। उन्होंने मांग की कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों एवं मध्य प्रदेश राज्य सरकार के आदेशों के अंतर्गत उनका भी नियमितीकरण और संविलयन किया जाए।**

यूनाइटेड फोरम के प्रमुख इंजीनियर वीकेएस परिहार ने बताया कि यूनाइटेड फोरम द्वारा तीन माह पूर्व सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों और मध्य प्रदेश सरकार के आदेशों के पालन की गुहार लगाई गई। इससे पहले भी कई बार सरकार से मांग की गई, लेकिन अब तक किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई। इसी मांग के सिलसिले में रविवार को प्रदेश भर के 55 जिलों से आए हजारों विद्युत संविदा कर्मी भोपाल में एकत्रित हुए। ये विद्युत संविदा कर्मी पूर्ण वैधानिक भर्ती प्रक्रिया का पालन करते हुए, भर्ती विज्ञप्ति, पद अनुरूप शैक्षणिक योग्यता, ऑर्गेनाइजेशन स्ट्रक्चर के माध्यम से रिक्त जारी पद, लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के माध्यम से चयनित हुए हैं।

संगठन के प्रदेश मीडिया प्रभारी लोकेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि विद्युत संविदा कर्मी कोई बैक डोर से भर्ती हुए विद्युत कर्मी नहीं हैं, बल्कि फ्रंट डोर के माध्यम से वैधानिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए भर्ती हुए हैं। नवीन जारी ऑर्गेनाइजेशन स्ट्रक्चर में 5000 संविदा कर्मियों के पदों को हटाकर 49,263 पद जारी किए गए हैं। बिजली कंपनियां पहले से ही संविदा को नियमित ही मान रही हैं, केवल आदेश जारी करने हैं। प्रदर्शन में सभी जिलों से संविदा अधिकारी कर्मचारी उपस्थित हुए। इनमें मुख्य रूप से अरुण ठाकुर, आदित्य चौबे, अजय नामदेव, विकास शुक्ला, दुर्गेश दुबे, लोकेंद्र श्रीवास्तव, प्रशांत पाल चंद्रमणि गजभिए, कुलदीप खांडेकर, रोहित लाल, एसके पचौरी, सूरज सिंह, जाहिद खान, प्रदीप द्विवेदी, धर्मेंद्र मालवीय, अनंत मिश्रा, पंकज शर्मा, अखिलेश यादव, दुर्गा पांडे, अशोक प्रजापति, अजय शर्मा, पवन शर्मा, राजेंद्र दुबे, वीरेंद्र रघुवंशी, राजकुमार मेहरा, तरुणा इवनाती, आशीष श्रीवास्तव आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## महिला नक्सली मुख्यधारा में लौटी, किया आत्मसमर्पण



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बालाघाट, एजेंसी।** नक्सल प्रभावित बालाघाट जिले में पहली बार किसी महिला नक्सली ने हथियार डालकर मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया है। नक्सली गतिविधियों से चार दशक से अधिक समय से जूझ रहे इस जिले के लिए यह एक अहम घटना मानी जा रही है। महिला नक्सली सुनीता पिता विसरू (23), निवासी विरमन, इंद्रावती क्षेत्र जिला बीजापुर (छत्तीसगढ़) ने 1 नवंबर को हॉकफोर्स के चौरिया कैंप में आत्मसमर्पण किया। उसने हॉकफोर्स के सहायक सेनानी रूपेंद्र धुर्वे के समक्ष अपने हथियार सौंपे। सुनीता माओवादी संगठन के एमएमसी जोन प्रभारी और सेंट्रल कमेटी सदस्य (सीसीएम) रामदेर की हथियारबंद गार्ड के रूप में कार्यरत थी। आत्मसमर्पण के दौरान उसने इंसास राइफल, तीन मैगजीन, पिट्ठू बैग और वर्दी पुलिस को सौंपी।

## इमाम के कमरे से नकली नोट बरामद किए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा, एजेंसी। खंडवा जिले के पैठियां गांव के मदरसे में इमाम जुबेर अंसारी के कमरे से करीब 20 लाख रुपए के नकली नोट बरामद हुए हैं। बैग में 500-500 रुपए के नोट के बंडल थे। पुलिस ने नोटों की गिनती की तो 19 लाख 78 हजार रुपए के नकली नोट निकले।**

मामले का खुलासा तब हुआ जब मालेगांव पुलिस ने जुबेर और उसके साथी नजीम अकम अयूब अंसारी को 10 लाख के नकली नोटों के साथ गिरफ्तार किया था। इसके बाद जावर थाना क्षेत्र के रहने वाले एक शख्स ने मीडिया रिपोर्ट्स में देखा कि दो में से एक आरोपी तो पैठियां गांव की मस्जिद का इमाम जुबेर है। उसने जावर पुलिस को इसकी सूचना दी, जिसके बाद पुलिस पैठियां गांव पहुंची और वहां लोगों से पूछताछ की। मालेगांव पुलिस की सूचना के बाद खंडवा पुलिस ने मदरसे पर छापा मारा और मस्जिद के इमाम जुबेर को नकली नोटों के साथ अरेस्ट किया। पुलिस का मानना है कि यह सिर्फ एक मामला नहीं, बल्कि नकली नोट तस्करी का एक बड़ा नेटवर्क हो सकता है। आरोपी एमपी के बुरहानपुर जिले के रहने वाले हैं और महाराष्ट्र की ओर नकली नोट ले जा रहे थे। अब पुलिस उनकी सप्लाई चेन और अन्य साथियों की पहचान कर रही है। मालेगांव पुलिस ने मुंबई-आगरा हाईवे पर होटल एवन के पास जाल बिछाकर दोनों आरोपियों को दबोच लिया था। तलाशी में नकली नोटों के बंडल बरामद हुए। जांच के दौरान दोनों के पास से 500 रुपए मूल्य के 2000 के नकली नोट (कुल 10 लाख रुपए), दो मोबाइल हैंडसेट और IMPEX कंपनी का एक चॉकलेट रंग का बैग सहित कुल 10 लाख 20 हजार रुपए मूल्य का माल जब्त किया।



## एक साथ जली तीन चिताएं, रो पड़ा पूरा गांव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम, एजेंसी।** रतलाम के जावरा विधानसभा के गांव आलमपुरा ठिकरिया निवासी तीन लोगों की राजस्थान के फलोदी-बीकानेर नेशनल हाईव पर सड़क हादसे में मौत हो गई। रविवार को तीनों मृतकों के शव गांव पहुंचे। तीन चिताएं एक साथ देख वहां मौजूद सभी लोगों के आंसू निकल गए। ग्रामीणों ने गमगीन आंखों से तीनों को विदाई दी।



इस दौरान विधायक डॉ पांडे के साथ प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद थें। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को राजस्थान के फलोदी-बीकानेर नेशनल हाईवे पर टेम्पो को ट्रॉले ने पीछे से टक्कर मारी, इस हादसे में पति-पत्नी समेत कुल चार लोगों की, जिसमें जावरा के 3 शामिल की मौत हुई जबकि छह महिलाएं और तीन पुरुष घायल हैं। घायलों को उपचार के लिए जोधपुर रेफर किया हैं। जावरा विधायक डॉ राजेंद्र पांडे के अनुसार मृतक परिजन के लिए 2-2 लाख रुपए व घायलों के लिए 50 हजार रुपए की घोषणा मुयमंत्री डॉ मोहन यादव ने करते हुए राशि जारी कर दी है। आलमपुर ठिकरिया गांव सरपंच कैलाशचंद बोडाना ने बताया कि गांव के एक ही परिवार के सभी लोग दीपावली के पहले मजदूरी के लिए राजस्थान गए थे। एक जगह काम खत्म होने के बाद यह रात को सभी फलोदी के बाप तहसील के गांव सहारणपुरा जा रहे थे तब यह हादसा हो गया। सूचना मिलते ही रात में परिजन गांव से रवाना हो गए थे। गंभीर रूप से घायल पूजा की रात में जोधपुर जाते समय ओसियां के पास मौत हो गई। वहां से वापस फलोदी लाया गया। जबकि पति जगदीश व टीना की मौके पर ही मौत हो गई थी। टेंपो चालक गोपी लाल की जोधपुर के एमडीएम अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हुई। ट्रॉला ड्राइवर की पहचान भगवानाराम पुत्र देवाराम के रूप में हुई है जो फरार है।

## संपादकीय

# तालिबान करने जा रहा भारत में राजनयिक नियुक्ति

अफगानिस्तान ने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ आसिम मुनीर को एक और झटका दे दिया है। दरअसल, तालिबान ने भारत के साथ एक और कदम बढ़ाते हुए दिल्ली में पहली राजनयिक की नियुक्ति करने जा रहा है। तालिबान की तरफ से भारतीय अधिकारियों को सूचित किया गया है कि दिसंबर के अंत या जनवरी की शुरुआत में एक और राजनयिक की नियुक्ति की जाएगी। बता दें कि इस वर्ष दोनों देशों के बीच संबंधों में लगातार प्रगति हुई है, जिसकी परिणति पिछले महीने विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी की अभूतपूर्व भारत यात्रा के रूप में हुई। भारत ने अफगानिस्तान को सहायता और चिकित्सा आपूर्ति जारी रखकर, अफगानिस्तान के एक विश्वसनीय साझेदार के रूप में अपनी भूमिका को और मजबूत किया है, भले ही भारत सरकार द्वारा काबुल में सत्ता को आधिकारिक मान्यता न दी गई हो। मुत्तकी की यात्रा के दौरान भारत ने काबुल में अपने तकनीकी मिशन को दूतावास के स्तर तक बढ़ाने और तालिबान राजनयिकों को स्वीकार करने पर सहमति व्यक्त करने की घोषणा की। दोनों पक्षों के अपने-अपने मिशनों का नेतृत्व करने के लिए जल्द ही एक प्रभारी नियुक्त किए जाने की उम्मीद है। तालिबान के एक प्रवक्ता ने रविवार को भारत द्वारा 16 टन से ज्यादा वेक्टरजनित रोग-रोधी दवाइयां दान करने की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह नवीनतम दान अफगानिस्तान के साथ भारत की दीर्घकालिक साझेदारी और विकासात्मक सहयोग को रेखांकित करता है। आवश्यक चिकित्सा आपूर्ति प्रदान करके, भारत इस क्षेत्र में स्वास्थ्य, स्थिरता और मानवीय सहयोग को बढ़ावा देने में एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में अपनी भूमिका की पुष्टि करता है। मुत्तकी की यात्रा महत्वपूर्ण थी क्योंकि इस दौरान तालिबान ने जम्मू-कश्मीर पर भारत की संप्रभुता का समर्थन किया। भारत ने भी अफगानिस्तान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का दृढ़ता से समर्थन किया है, ऐसे समय में जब सीमा पर भारी झड़पों के कारण पाकिस्तान के साथ तालिबान के संबंध बेहद खराब स्थिति में हैं। दोनों देशों के बीच युद्धविराम हो गया है, लेकिन तनाव बढ़ने का खतरा अभी पूरी तरह से टला नहीं है। तालिबान ने इस सप्ताह पाकिस्तान पर अफगानिस्तान में अराजकता फैलाने की कोशिश करने का आरोप लगाया है ताकि अमेरिका वापस आकर बगराम एयरबेस पर कब्जा कर सके।

## OSHO कहिन

"सच्ची खुशी केवल उन्हीं को मिलती है जो अपने दिल की सुनते हैं।"



## सैर-सपाटा

# नए साल की पार्टी के लिए अभी से इन जगहों पर कर लें बुकिंग

## जिंदगी भर याद रहेगा सेलिब्रेशन



नया साल आने में अब सिर्फ दो महीने बचे हैं और अभी से लोग पार्टी कैसे करनी है प्लान करना शुरू कर देते हैं। अगर आप साल 2026 का स्वागत कुछ अलग तरीके और जगह से करना चाहते हैं, तो भारत की कुछ खास जगहों पर पार्टी करने का प्लान बनाएं। भारत की इन जगहों पर पार्टी करने के लिए लोग दूर से आते हैं और यहां का नया साल सेलिब्रेशन आपको जीवन भर याद रहेगा। चलिए बताते हैं किन जगहों की हम बात कर रहे हैं।

### गोवा

नए साल की पार्टी करने के लिए सबसे पहले दिमाग में आता है गोवा। गोवा की नाइट लाइफ, बीच के किनारे पार्टी, फूड, डांस सबकुछ अच्छा होता है। गोवा में आप नए साल का जश्न मना सकते हैं। हालांकि, इस समय गोवा काफी महंगा होता है, लेकिन आप अभी से दोस्तों संग प्लानिंग कर सकते हैं।

### बेंगलुरु

अगर आप बेंगलुरु कभी नहीं गए हैं, तो नए साल की पार्टी के लिए जरूर जाएं। बेंगलुरु की नाइट लाइफ और पार्टी काफी ग्लैमरस होती है। लोग यहां दूर से जश्न मनाने आते हैं। बेंगलुरु के एमजी रोड, कोरमंगला, और इंदिरानगर जैसे इलाकों में अनगिनत पब और बार हैं, जहां आप जा सकते हैं।

### चेन्नई

समुद्र के किनारे पार्टी करना है और जबरदस्त आतिशबाजी का नजारा देखना है, तो चेन्नई जाएं। चेन्नई में नए साल का जश्न काफी धूमधाम से मनाया जाता है। यहां पर दूर से लोग न्यू ईयर पार्टी करने आते हैं।

### औली

दिल्ली वालों के लिए औली ज्यादा दूर नहीं हैं। उत्तराखंड का औली बेहद खूबसूरत है और नए साल की पार्टी के लिए बेस्ट जगहों में से एक है। जनवरी के समय यहां पर हल्की स्नोफॉल भी हो जाती है। पहाड़ों के किनारे पार्टी करने का मजा अलग होता है।

### दिल्ली

अगर आप दिल्ली में नहीं रहते हैं, तो देश की राजधानी में पार्टी करने जरूर जाएं। दिल्ली की नाइट लाइफ और पार्टी काफी फेमस है। दिल्ली में भी नए साल का जश्न धूमधाम से मनाया जाता है। यहां पर कई पब और क्लब हैं, जहां पर अलग वाइब रहती है।

### मुंबई

मुंबई भी पार्टी करने के लिए बेस्ट जगहों में से एक है। नए साल की पार्टी आप मुंबई में भी कर सकते हैं। मुंबई में नए साल पर कई जगहों पर बड़ी पार्टी और फंक्शन होते हैं। यहां पर समुद्र के किनारे और बोट्स में भी जश्न मनाया जाता है।

### मनाली

हिमाचल प्रदेश का मनाली आप ऐसे तो कई बार घूमने गए होंगे लेकिन क्या कभी नए साल का जश्न मनाने पहुंचे हैं। अगर नहीं गए हैं, तो एक बार जरूर प्लान करें। मनाली में बर्फ की वादियों में लोग आग लगाकर न्यू ईयर पार्टी सेलिब्रेट करते हैं। यहां का लोकल फूड, डांस और नाइट पार्टी का मजा बिल्कुल अलग होता है।

New Delhi

# तेलंगाना में भीषण सड़क हादसा, टैंडूर आरटीसी बस और ट्रक की टक्कर में 17 की मौत, कई घायल

**हैदराबाद, (एजेंसी)** तेलंगाना के रंगा रेड्डी जिले के चेवेला मंडल के मिर्जागुड़ा गांव के पास रविवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हुआ। हैदराबाद-बीजापुर हाईवे पर एक तेज रफ्तार टिपर लोरी ने टैंडूर आरटीसी बस को सामने से टक्कर मार दी। हादसा इतना जोरदार था कि बस के आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।बस में कुल 70 यात्री सवार थे। हादसे में 17 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत चेवेला सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया और राहत-बचाव कार्य जारी है। पुलिस



ने बताया कि प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार को दुर्घटना का कारण माना जा रहा है। चेवेल्ला पुलिस ने कहा कि रंगारेड्डी जिले के चेवेल्ला पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत खानपुर गेट के पास एक TGSRTC बस और ट्रक के बीच सड़क दुर्घटना हुई। कई यात्री घायल हुए हैं, और अधिक जानकारी अभी पता नहीं चल पाई है। यह घटना आज सुबह हुई। हम घटनास्थल पर पहुंच गए हैं, अधिक जानकारी बाद में दी जाएगी। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने रंगारेड्डी जिले के चेवेल्ला मंडल में हुई सड़क दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तुरंत घटनास्थल पर पहुंचने और आवश्यक राहत उपाय करने के निर्देश दिए। उन्होंने आदेश दिया कि दुर्घटना का पूरा विवरण समय-समय पर सूचित किया जाए।

Bihar

## ISRO ने लॉन्च किया देश का 'बाहुबली' सैटेलाइट CMS-03



**बेंगलुरु, (एजेंसी) भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने CMS-03 (GSAT-7R) कम्युनिकेशन सैटेलाइट सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया है. अंतरिक्ष एजेंसी ने बताया कि लगभग 4,410 किलोग्राम वजन वाला यह सैटेलाइट भारत की धरती से भू-समकालिक स्थानांतरण कक्षा (जीटीओ) में प्रक्षेपित किया गया सबसे भारी सैटेलाइट है. इसरो ने यह सैटेलाइट एलवीएम3-एम5 रॉकेट के जरिये प्रक्षेपित किया, जिसे इसकी भारी क्षमता के लिए 'बाहुबली' का नाम दिया गया है.**

यह दावा किया जा रहा है कि सैटेलाइट का इस्तेमाल सैन्य निगरानी के लिए भी किया जाएगा, लेकिन इस मामले पर इसरो की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है. दो ठोस मोटर 'स्ट्रैप-ऑन' (एस200), एक द्रव प्रणोदक कोर चरण (एल110) और एक क्रायोजेनिक चरण (सी25) वाला यह तीन चरणीय प्रक्षेपण यान इसरो को जीटीओ में 4,000 किलोग्राम तक वजन वाले भारी संचार उपग्रहों को प्रक्षेपित करने में पूर्ण आत्मनिर्भरता प्रदान करता है.

Chhattisgarh

## "पादरियों और धर्मांतरित ईसाइयों का प्रवेश प्रतिबंधित'

**बिलासपुर, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने राज्य के आठ गांवों में पादरियों और धर्मांतरित ईसाइयों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने वाले होर्डिंग को मामले में बड़ा फैसला दिया है। हाईकोर्ट ने कहा कि ये होर्डिंग प्रलोभन या धोखाधड़ी के जरिये धर्मांतरण को रोकने के लिए लगाए गए थे और इन्हें असंवैधानिक नहीं कहा जा सकता। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति बिभु दत्ता गुरु की खंडपीठ ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि संबंधित ग्राम सभाओं ने ये होर्डिंग स्थानीय जनजातियों और सांस्कृतिक विरासत के हितों की रक्षा के लिए एहतियाती उपाय के रूप में लगाए हैं। खंडपीठ ने कांकेर जिले के दिग्बल टांडी और बस्तर जिले के नरेंद्र भवानी की ओर से दायर याचिकाओं का निपटारा करते हुए यह फैसला सुनाया। याचिकाकर्ताओं ने ईसाइयों और उनके धर्म गुरुओं को मुख्यधारा के ग्रामीण समुदाय से कथित तौर पर अलग-थलग किए जाने का मुद्दा उठाया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि पंचायत विभाग ने जिला पंचायत, जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत को हमारी परंपरा, हमारी विरासत नाम से प्रस्ताव पारित करने का निर्देश दिया था।

Rajasthan

## इंदौर से बीकानेर आ रही स्लीपर बस को पुलिस ने रोका, सीट के नीचे छिपा था 'मौत' का सामान

**बीकानेर, (एजेंसी)** एक तरफ राजस्थान में स्लीपर एवं जिनी बसों की बेमियादी हड़ताल चल रही है। इसी बीच पुलिस ने एक स्लीपर को धर दबोचा इसके बाद बस की तलाश ली तो बस के अंदर से चौकाने वाला सच सामने आय। राजस्थान में बीकानेर पुलिस की सतर्कता से एक बड़ा अपराध होने से पहले ही टल गया। इंदौर से बीकानेर आ रही एक स्लीपर बस में गुपचुप तरीके से हथियारों की बड़ी खेप लाई जा रही थी, लेकिन बीछवाल थाना पुलिस ने यह खेल पकड़ लिया। बस की तलाशी के दौरान सीटों के नीचे छिपाए गए 4 देसी पिस्टल और 33 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। मामले ने पूरे इलाके में हलचल मचा दी है। यह कार्रवाई महानिरीक्षक पुलिस बीकानेर रेंज हेमन्त शर्मा के निर्देश पर की गई। बताया जा रहा है कि पुलिस को पहले से ही हथियारों की डिलीवरी को लेकर गुप्त सूचना मिल चुकी



थी। थानाधिकारी गोविंद सिंह चारण के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गंगानगर बाईपास रोड, ट्रांसपोर्ट नगर के पास घेराबंदी कर बस को रोका और तलाशी अभियान चलाया। जैसे ही सीटों के नीचे से पिस्टल और कारतूस निकले, पुलिस टीम भी हैरान रह गई। पुलिस कार्रवाई की खबर मिलते ही हथियार लाने वाले आरोपी नोखा में बस छोड़कर फरार हो गए।

खेल

# 52 साल के महिला वनडे विश्व कप के इतिहास में भारत पहली बार बना चैंपियन, द.अफ्रीका को हराया

**मुंबई, (एजेंसी)** भारत की महिला टीम इतिहास रच दिया है। टीम इंडिया ने महिला वनडे विश्व कप 2025 के फाइनल में द. अफ्रीका को 52 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 50 ओवर में सात विकेट पर 298 रन बनाए थे। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 246 रन पर सिमट गई। दीप्ति शर्मा ने पांच विकेट लेकर मैच पलट दिया। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान एल वोल्वार्ट की 101 रन की पारी बेकार गई। 52 साल के महिला वनडे विश्व कप के इतिहास में यह भारत का पहला वनडे विश्व कप का खिताब है। पहला महिला वनडे विश्व कप 1973 में खेला गया था।




भारत ने 50 ओवर के खेल के बाद सात विकेट गंवाकर 298 रन बनाए और दक्षिण अफ्रीका के सामने 299 रन का लक्ष्य रखा था। भारत की ओर से दीप्ति शर्मा और शेफाली वर्मा ने अर्धशतकीय पारी खेली। एक वक्त ऐसा लग रहा था कि भारतीय टीम 350 के स्कोर तक पहुंच जाएगी, लेकिन मध्यक्रम में विकेट गिरने और धीमी बल्लेबाजी से ऐसा नहीं हो सका और भारतीय टीम 300 के करीब ही पहुंच पाई। यह महिला वनडे विश्व कप फाइनल का दूसरा सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा और भारत का विश्व कप फाइनल का सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा। इस मामले में ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर है। उसने 2022 विश्व कप फाइनल में पांच विकेट पर 356 का स्कोर बनाया था।

भारत की ओर से दीप्ति शर्मा ने 58 रन और शेफाली ने 87 रन की पारी खेली। इसके अलावा स्मृति मंधाना ने 45 रन बनाए। वहीं, ऋचा घोष ने 24 गेंद में 34 रन की तूफानी पारी खेली। जेमिमा रॉड्रिग्स 24 रन और कप्तान हरमनप्रीत कौर 20 रन बनाकर आउट हुईं। वहीं, अमनजोत कौर ने 12 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका की ओर से अयाबोंगा खाका ने तीन विकेट लिए। वहीं, मलाबा, डी क्लर्क और क्लो ट्रायोन को एक-एक विकेट मिला।

299 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। कप्तान एल वोल्वार्ट के अलावा कोई अफ्रीकी बल्लेबाज मैदान पर नहीं टिक सका। वोल्वार्ट ने 98 गेंद में 11 चौके और एक छक्के की मदद से 101 रन की पारी खेली। वहीं, ताजमिन ब्रिट्स 23 रन और सुने लूस 25 रन बना सकीं। बॉश खाता नहीं खोल सकीं। मारिजाने कैप चार रन और क्लो ट्रायोन नौ रन बनाकर आउट हुईं।

सिनालो जाफ्ता ने 16 रन की पारी खेली। आखिर में डर्कसेन ने जरूर 35 रन बनाए, जबकि डी क्लर्क ने 18 रन बनाए, लेकिन यह काफी नहीं था। शेफाली वर्मा ने बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजी में भी कमाल दिखाया। उन्होंने दो विकेट झटके और प्लेयर ऑफ द मैच रहीं। इसके अलावा श्री चरणी ने एक विकेट लिया और कसी हुई गेंदबाजी की।

सिनेमा

## प्रियंका चाहर चौधरी हैं एकता कपूर की अगली नागिन, सलमान खान भी देखकर शॉक्ड, अंकित गुप्ता का पूछा हाल



एकता कपूर के अपकमिंग शो 'नागिन 7' की नागिन कौन? इस बात पर लंबे समय से चर्चा हो रही थी। कई नाम सामने आए लेकिन अब सलमान खान के शो 'बिग बॉस 19' में इस राज से पर्दा उठ गया है। प्रियंका चाहर चौधरी का एक धमाकेदार प्रोमो वीडियो दिखाया गया और वह खुद भी स्टेज पर आईं, जिन्होंने कंफर्म कर दिया और कई लोगों को शॉक्ड कर दिया कि वह एकता के पॉप्युलर शो का हिस्सा हैं। प्रियंका चाहर चौधरी ही एकता कपूर की अगली नागिन हैं। उन्होंने सलमान खान और बिग बॉस को थैंक यू कहा। उनके मुताबिक, दोनों की वजह से ही उन्हें ये शो मिला है। उन्होंने बताया कि जब एकता कपूर सीजन 16 में आई थीं, तभी वह जान गई थीं कि वह उनकी अगली नागिन होने वाली हैं। और उसी समय से इस शो के लिए एक्साइटेड हो गई थीं। प्रियंका चाहर चौधरी से सलमान खान ने अंकित गुप्ता के बारे में पूछा, 'वह अभी है या नहीं?' इस पर एक्ट्रेस ने मुस्कुरा दिया, जिससे ये साफ हो गया कि दोनों का ब्रेकअप हो चुका है। कोई अफवाह नहीं थी। क्योंकि दोनों को रियलिटी शो में साथ देखा गया था और यहीं पर प्यार का इजहार भी हुआ था। लेकिन शो से बाहर आने के कुछ समय बाद वह अलग हो गए थे।

## Highlights

1. Huma Qureshi, Shefali Shah flag off IAF marathon in Delhi amid 377 AQI hazardous air
2. 42 fugitives extradited to India in last two years: Amit Shah
3. What are the features of ISRO's 'Bahubali rocket' that'll launch heaviest satellite today?
4. Satyamev Jayate: JD(U) candidate Anant after arrest in Jan Suraaj worker's murder
5. IPS officer explains how cutting bus fares in Bhubaneswar raised revenue by 3%

# Unacademy CEO reveals how Deepinder Goyal went from 'kyon milna hai yaar' to his mentor, Zomato boss reacts

**NEW DElHI, (Agency).** Unacademy CEO Gaurav Munjal, in a recent tweet, opened up about "life-changing" advice he received from Zomato co-founder Deepinder Goyal. Talking about his "mentor," Munjal recalled how once Goyal refused to meet him.



"In 2015, as a 25 year old kid who had just started Unacademy. I sent an email to @deepigoyal. He replied back by saying 'Kyon milna hai yaar. Dhandha banao'."

Undeterred, Munjal continued emailing Goyal's office until he secured a 15-minute meeting. "I didn't give up. I kept mailing him every week. And finally he did agree for a 15m Meeting (after months of chasing him). He was in a bad mood that day, so he met me just for 10m but gave me an advice that stayed with me."

Goyal told Munjal, "Just grow 1% every day. Everything else is secondary."

"But then over the years, I met him many times and was lucky to have him as a Mentor." Munjal also discussed Unseen, a book on Goyal.

"I urge everyone to read this Book. The stories that I heard from Deepinder, and the advice I got over the years, changed my Life. Time for the same stories, to change yours," Unacademy CEO added.

Deepinder Goyal reacts:

Taking to the comments section of Munjal's post, the Zomato boss dropped a heart emoticon.

How did social media react?

An individual posted, "Grow 1% every day — sounds small, compounds big. Impressive." Another added, "Persistence for the win." A third commented, "Inspiration crosses inspiration." A fourth wrote, "Goyal is one of the few young-age entrepreneurs who deserves much more respect and recognition. Nothing but respect for him."

However, not everyone was impressed with Munjal's story. An individual criticised, "If I were in your place, I wouldn't meet any guy who shows me attitude for no reason. I don't care who you are, but if you give me your time I will make sure it will be productive."

### What is Deepinder Goyal's net worth?

He co-founded food delivery service Zomato in 2008. In 2022, Zomato acquired quick commerce platform Blinkit. Goyal, according to Forbes, has a net worth of $1.9 billion.

# Gold prices dip below $4,000/ounce after China ends some tax incentives

**NEW DElHI, (Agency).** Gold dipped below $4,000 an ounce after China ended a long-standing tax rebate for some retailers, a change that could weigh on demand in one of the world's largest precious-metals markets.

Gold prices for for immediate delivery fell as much as 1% before paring most of that intraday loss, as Chinese jewellery stocks tumbled. Spot gold traded 0.1% lower at $3,997.40 per ounce in Singapore after dropping 2.7% last week. The Bloomberg Dollar Spot Index was little changed.

On Saturday, Beijing announced that it



would no longer allow some retailers to offset a value-added tax when selling gold they bought from the Shanghai Gold Exchange and Shanghai Futures Exchange, whether sold directly or after processing. The precious metal surged to a record high in October, aided by a retail buying frenzy, before dropping sharply in the final two weeks of the month. Prices are still up by more than 50% year-to-date even after the pullback, with many of the fundamentals that pushed gold higher, including central bank and haven demand, expected to remain in place.

"While Chinese gold demand has played little part in this year's record bull market, the tax changes in gold's heaviest consumer nation will dent global sentiment," said Adrian Ash, director of research at BullionVault. "This news could prove very welcome to traders and investors hoping for a deeper correction after last month's spike."

# थिनर गोदाम में दो महिलाएं जिंदा जलीं, दीये से साड़ी में लगी आग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। आरआर कैट रोड स्थित एक थिनर गोदाम में शनिवार शाम महिला कर्मचारियों ने देवउठनी ग्यारस पर दीये लगाए थे। दीये से ही महिलाओं की साड़ी में आग लग गई। वो घबराकर भागीं तो थिनर ने आग पकड़ ली और तेजी से यह फैलती गई। हादसे में रामकली अहिरवार निवासी सागर और ज्योति मनोज नीम द्वारकापुरी आग की चपेट में आ गईं।

इंदौर के केट रोड पर केमिकल गोडाउन में शनिवार शाम एकादशी का दीपक लगाने से हुए हादसे में दो महिलाएं जिंदा जल गईं। रात में शवों को एमवाय अस्पताल की मॉर्चुरी में रखा गया। रविवार सुबह परिवार के लोग अस्पताल पहुंचे। पीएम के बाद शव परिवारों को सौंप दिए गए । इस हादसे में रामकली (50) पति हरिदास निवासी रंगवासा स्थायी पता गोरा बूरद सागर और ज्योति (38) पति मनोज नीम निवासी द्वारकापुरी श्रीराम नगर स्थायी पता महू पट्टी बाजार की मौत हो गई। इस हादसे में केमिकल गोडाउन के संचालक सूरज भागवानी भी घायल हो गए, उनका सिंधी कॉलोनी स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। ज्योति के भाई गोलू ने बताया कि ज्योति का छोटा बेटा सागर उसे हादसे से पहले 4 बजे घर ले जाने के लिए गया था। घर में ग्यारस की पूजा करना थी, उसकी तैयारी करने के लिए बेटा अपनी मां को लेने के लिए गया था, लेकिन मां ने उसे कहा कि मैं 6 बजे तक काम निपटा लेती हूं फिर चलेंगे, बेटा वहां से चला गया था। ज्योति के दो बेटे है एक का नाम सागर है जबकि दूसरे का नाम कृष्णा है। भांजा मेरे साथ फर्नीचर का काम करता है। गोलू ने कहा कि अगर ज्योति बेटे सागर के साथ आ जाती तो इस हादसे में उसकी जान बच जाती। गोलू ने बताया कि करीब डेढ़ साल पहले भी आग लगने की घटना हुई थी। प्रत्यक्षदर्शी सौरभ नीम ने बताया कि मैं कल गोडाउन के बाहर खड़ा था। मेरी दीदी स्नेहा वॉशरूम में गई थी। वॉशरूम गोडाउन से थोड़ा दूर है। सेठ ने शटर के बाहर दीपक लगा रखे थे। ज्योति रिश्ते में सौरभ की मौसी और बड़ी मम्मी दोनों लगती थी। सौरभ ने बताया मौसी थिनर भर रही थी। थिनर की एयर उड़ती रहती है, जो संभवतः बाहर तक चली गई अचानक वहां आग लग गई। लोहे के ड्रम के पास ही मौसी चिपक कर बैठी वह भी जलने लग गया। उनके कपड़ों में आग लग गई। उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन वह अंदर की तरफ गिर पड़ी। हम सभी बाहर भाग गए थे। वहां पर अग्निशमन यंत्र रखे थे। आग बुझाने के लिए मैं उसे उठाया और उसकी पिन भी निकाली, लेकिन आग बढ़ने से मैं बाहर की तरफ भाग आया। गोडाउन का संचालन कमल और सूरज करते है। सूरज के अस्पताल में होने की जानकारी मिली है। हादसे के वक्त दोनों वहीं थे। दीपक कमल भैया ने लगाए थे। पांच साल से ये काम करते है। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि राऊ थाना क्षेत्र में स्वास्तिका इंटरप्राइजेस है, जो थिनर का काम करती है। थिनर आइल पेंट को डायल्यूट करने के काम आता है। वहां पर ये घटना हुई थी। इस हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई थी। दोनों महिलाएं यहीं पर काम करती थी। इसमें मर्ग कायम किया गया है, साथ ही आगजनी भी कायम की जा रही है। इसमें हादसे का सही कारण पता लगाया जा रहा है। मामले में पूरी जांच कराई जा रही है। गोडाउन वैध था या नहीं, एनओसी थी या नहीं इसकी जांच करवाई जा रही है। जितने भी मानक होते है उनकी पूरी जांच करवाई जाएगी। अगर इसमें कोई कमी मिलती है तो आगामी कार्रवाई की जाएगी। इसमें अलग-अलग विभाग इसकी जांच करेंगे।

# रिटायर्ड जेल प्रहरी के बेटे ने किया सुसाइड

● भूमाफिया ने प्लॉट पर किया था कब्जा, परिवार को मिला सुसाइड नोट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। छत्रीपुरा इलाके में रहने वाले एक युवक ने आत्महत्या कर ली। युवक के पिता ने आरोप लगाया है कि ऋषि नगर स्थित उनके प्लॉट पर भूमाफिया ने कब्जा कर उसे बेच दिया था। इस मामले में द्वारकापुरी थाने में शिकायत करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई।**



बताया गया है कि युवक इस पूरे मामले को लेकर डिप्रेशन में था और उसकी नौकरी भी नहीं चल रही थी। इसी मानसिक तनाव के चलते उसने अपनी जान दे दी। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेजा गया है।

## परिवार को मिला सुसाइड नोट

छत्रीपुरा क्षेत्र के एमओजी लाइन में रहने वाले रिटायर्ड जेल प्रहरी कमलेश दुबे के बेटे अंकित दुबे (34) ने जहर खाकर आत्महत्या की। उसने एक सुसाइड नोट छोड़ा है, जिसमें उसने स्वेच्छा से जान देने और खुद को ही जिम्मेदार बताया है। साथ ही परिवार को परेशान न करने की बात लिखी है।


कमलेश दुबे ने बताया कि रविवार रात अंकित अपने एक दोस्त को अस्पताल देखने गया था। रात करीब 11 बजे वह घर लौटा। देर रात करीब 3 बजे जब उनकी नींद खुली, तो उन्होंने देखा कि अंकित अपने कमरे में बिस्तर के नीचे पड़ा था।

उन्होंने तुरंत सीपीआर देकर उसे होश में लाने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद बड़े बेटे के साथ मिलकर वे अंकित को एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## बेटे के लिए खरीदा था प्लॉट, भूमाफिया ने बेच दिया

कमलेश दुबे ने बताया कि उन्होंने अपनी जीवनभर की कमाई से बेटे अंकित के भविष्य के लिए ऋषि पैलेस क्षेत्र में एक प्लॉट खरीदा था। करीब एक साल पहले भूमाफिया प्रेम प्रजापत ने उस पर कब्जा कर लिया। जब उन्होंने विरोध किया तो प्रेम ने अंकित और परिवार के साथ मारपीट की। इस संबंध में द्वारकापुरी थाने में केस दर्ज कराया गया था। आरोपी को जेल भी भेजा गया, लेकिन जमानत पर छूटने के बाद उसने फिर से धमकियां दीं। इसके बाद प्रेम ने कथित तौर पर फर्जी दस्तावेज बनवाकर प्लॉट को बेच दिया।

कमलेश दुबे के अनुसार, इन घटनाओं से अंकित काफी टूट गया था। वह अक्सर कहता था कि अब उसके पास कुछ नहीं बचा। उसकी निजी कंपनी की नौकरी भी ठीक से नहीं चल रही थी। कई बार वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। धीरे-धीरे अंकित गहरी मानसिक परेशानी में चला गया। फिलहाल, छत्रीपुरा पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक